भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

उपभोक्ता मामले विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1385

जिसका उत्तर मंगलवार, 11 फरवरी, 2020 को दिया जाएगा

प्याज संकट से निपटना

1385. श्री पी०सी० गद्दीगौदर:

क्या उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में मांग और आपूर्ति के अंतर को भरने के लिए बड़ी मात्रा में प्याज का आयात किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या संकट से निपटने के लिए प्याज का बफर स्टॉक बनाने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हो?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्री दानवे रावसाहेब दादाराव)

(क) और (ख): भारत सरकार ने एम.एम.टी.सी. से उपलब्धता में सुधार तथा मूल्यों में नरमी लाने के लिए प्याज के आयात का निर्देश दिया है। एम.एम.टी.सी. को 41,950 मीट्रिक टन (एम.टी.) प्याज के आयात करने का ठेका दिया गया है जिसमें से 36,124 मीट्रिक टन की प्राप्ति हो चुकी है।

(ग) से (ड.): सरकार ने अभावग्रस्त मौसम के दौरान प्याज की कीमतों तथा उपलब्धता स्थिति में सुधार लाने के लिए इसके विनियमित रिलीज हेतु रबी 2019 के दौरान लगभग 57,000 मीट्रिक टन प्याज के बफर का सृजन किया है।

****